Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 31 May 2024

Dainik Jagran Page - 06

ग्रीष्मावकाश में खुला रहेगा गोवि का वाचनालय

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ग्रीष्मावकाश में भी केंद्रीय ग्रंथालय के वाचनालय को खुला रखने का निर्णय लिया है। इसे लेकर जारी आदेश के मुताबिक प्रत्येक कार्य दिवस पर विद्यार्थियों का अबाधित अध्ययन जारी रखने के लिए वाचनालय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा।

गोवि में बीएड व बीपीएड की परीक्षाएं 13 जून से

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कालेजों में बीएड और बीपीएड सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से शुरू होंगी। वहीं, एमएड की परीक्षाएं 21 जून से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित केंद्रों पर होंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 22 जून, चतुर्थ सेमेस्टर की 13 से 21 जून तक होंगी। एमएड द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 26 जून तक और बीपीएड द्वितीय व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 21 जून तक होंगी। विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

Amar Ujala page - 07

50 हजार विद्यार्थियों का रुक सकता है परीक्षा परिणाम

गोरखपुर विश्वविद्यालय : विद्यार्थियों ने नहीं जमा की है एबीसी आईडी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के करीब 50 हजार विद्यार्थियों का परीक्षाफल रुक सकता है। कारण है कि इन्होंने एकेडमिक बैंक और क्रेडिट (एबीसी) आईडी जमा नहीं की है। ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय ने अंतिम मौका देते हुए 10 जून तक का समय दिया है। इसमें यदि इन्होंने एबीसी आईडी जमा नहीं की तो इनका रिजल्ट रोक दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में पंजीकरण करना अनिवार्य है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को एक स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (एपीएएआर) आईडी भी प्राप्त करना है। अभी तक विश्वविद्यालय के लगभग 14 हजार से अधिक तथा संबद्ध महाविद्यालयों के दो लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। जबकि

विश्वविद्यालय ने 10 जून तक जमा करने का दिया मौका

विश्वविद्यालय परिसर के 1033 और संबद्ध महाविद्यालय के 47,976 विद्यार्थियों ने एबीसी/एपीएएआर आईडी जमा नहीं की है।

इसके पहले विश्वविद्यालय ने एबीसी/एपीएएआर आईडी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की थी लेकिन अभी भी करीब 50 हजार विद्यार्थियों ने ऐसा नहीं किया है। 10 जून तक एबीसी/एपीएएआर आईडी जमा न करने पर परीक्षाफल रुक जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एबीसी/एपीएएआर आईडी में पंजीकरण कराने के लिए विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक यूट्यूब वीडियो तैयार किया गया है, जिसके अनुसार विद्यार्थी अपना एबीसी/एपीएएआर आईडी बना सकते हैं।

13 जून से होंगी बीएड व बीपीएड की परीक्षाएं

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में बीएड और बीपीएड सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से शुरू होंगी। वहीं, एमएड की परीक्षाएं 21 जून से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित केंद्रों पर होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 22 जून, चतुर्थ सेमेस्टर की 13 से 21 जून तक होंगी। एमएड द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 26 जून तक और बीपीएड द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 21 जून तक होंगी। विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

परास्नातक के कई विषयों का परिणाम जारी

डीडीयू : घोषित परीक्षा फल वेबसाइट पर कर दिया गया है अपलोड

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की कई परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक घोषित परीक्षा फल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

बृहस्पतिवार को एमए समाजशास्त्र के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति शास्त्र के चतुर्थ सेमेस्टर, संस्कृत के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी प्लांटबायोटेक्नोलॉजी के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिंदी के द्वितीय सेमेस्टर, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल जेनेटिक प्लांट ब्रीडिंग) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स) के तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल एग्रोनॉमी) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल हार्टीकल्चर) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल प्लांट पैथोलोजी) के प्रथम सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल सोईल साइंस) के प्रथम सेमेस्टर, बीएड के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएड प्रथम सेमेस्टर, बीएचएमसीटी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित किया गया है।

छुट्टियों में भी डीडीयू की लाइब्रेरी में पढ़ेंगे विद्यार्थी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के केंद्रीय ग्रंथालय का वाचनालय ग्रीष्मावकाश में भी खुला रहेगा। विद्यार्थी इसमें बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय में 10 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी लाइब्रेरी में आकर पढ़ते हैं। ऐसे में उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए कुलपति प्रो. पूनम टंडन के निर्देश पर कुलसचिव ने यह आदेश जारी किया है। केंद्रीय ग्रंथालय का वाचनालय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक सभी कार्यदिवस में अध्ययन के लिए खुला रहेगा। संवाद

Amar Ujala Select Page 04

13 जून से होंगी बीएड बीपीएड की परीक्षाएं

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में बीएड और बीपीएड सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से शुरू होंगी। वहीं, एमएड की परीक्षाएं 21 जून से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित केंद्रों पर होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 22 जून, चतुर्थ सेमेस्टर की 13 से 21 जून तक होंगी। एमएड द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 26 जून तक और बीपीएड द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 21 जून तक होंगी। विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

Hindustan Page 05, 07, 08

डीडीयू में पीजी के कई विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू और सम्बद्ध कॉलेजों के परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। डीडीयू प्रशासन के मुताबिक घोषित परीक्षा फल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

डीडीयू में एमए समाजशास्त्र के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीतिशास्त्र के चतुर्थ सेमेस्टर, संस्कृत के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी प्लांटबायोटेक्नोलॉजी के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिंदी के द्वितीय सेमेस्टर, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल जेनेटिक प्लांट ब्रीडिंग) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि (एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स) के तृतीय सेमेस्टर, बीएचएमसीटी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-24 सहित अन्य कक्षाओं का परीक्षाफल घोषित किया गया है।

गोरखनाथ विवि का प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अलग-अलग तिथियों में हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया। प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। यह जानकारी प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने दी है। रिकॉर्ड समय में प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित होने पर कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रवेश समिति को बधाई दी है।

बीएड, बीपीएड की परीक्षाएं 13 जून से

गोरखपुर। डीडीयू और सम्बद्ध कॉलेजों में बीएड, बीपीएड और एमएड के सम सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि घोषित की गई है। बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 22 जून, चतुर्थ सेमेस्टर की 13 से 21 व एमएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 26 जून तक होगी।

“ इस महापर्व में आपकी सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। मतदान केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि आपकी जिम्मेदारी भी है। एक जून को जरूर वोट करें।
-प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

कृषि पर आत्मनिर्भरता से ही आगे बढ़ेगा देश

गोरखपुर। डीडीयू के कृषि एवं प्राकृतिक संस्थान में चल रहे सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का गुरुवार को समापन हो गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि भारत कृषि पर निर्भर है। आत्मनिर्भर बनाने में कृषि वैज्ञानिक एवं छात्रों में अपार प्रतिभा एवं संभावनाएं हैं। देश को कृषि में आत्मनिर्भर बनाने में सभी अपना योगदान दें।

प्रो. दिव्या रानी सिंह बनीं विजिटर्स नामिनी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. दिव्या रानी सिंह को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी बिहार की कार्य परिषद का विजिटर्स नॉमिनी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय उच्चतर शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष के रूप में देश के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के चार सीनियर प्रोफेसर्स को नामित किया है। इनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

दर्शनशास्त्र विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ

गोरखपुर। डीडीयू के दर्शनशास्त्र विभाग में गुरुवार को 'भारतीय दार्शनिक परम्परा में मूल्य' विषय पर सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. द्वारकानाथ ने भारतीय दर्शन परम्परा में मूल्य को वैदिक वांग्मय से लेकर आधुनिक एवं समकालीन भारतीय दर्शन तक के पक्षों की जानकारी दी।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रो. इन्दु पाण्डेय ने सांख्य दर्शन के सन्दर्भ में त्रिविध दुःखों से निवृत्ति सहित धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को समझाया। द्वितीय सत्र में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ गोविन्द प्रसाद मिश्र ने विचार व्यक्त किया।

Inext Page - 04

सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्सेज का हुआ समापन

GORAKHPUR (30 May): डीडीयू के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में बीते 7 दिनों से चल रहे ऑनलाइन वैल्यू एडेड कोर्स का गुरुवार को समापन हो गया. वीसी प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि हमारे देश की मैक्सिमम आबादी कृषि पर निर्भर है. उन्होंने कहा कि हमें आत्मनिर्भर बनाने में कृषि वैज्ञानिक एवं छात्रों की अपार प्रतिभा का समुचित इस्तेमाल करना पड़ेगा. यह संस्थान इस दिशा में अच्छा काम कर रहा है. कुलपति ने संस्थान के निदेशक सहित सभी टीचर्स को सफल आयोजन की बधाई दी. इस दौरान प्रो. शरद कुमार मिश्रा, डॉ. रूद्राजय मिश्रा, डॉ. नुपुर सिंह, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. तलहा अंसारी मौजूद रहे.

Swatantra Chetna Page - 05

विश्वविद्यालय में घोषित किया विभिन्न पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों हुए विभिन्न पाठ्यक्रम परास्नातक का गुरुवार को परीक्षा फल घोषित कर दिया है। एम०ए० समाजशास्त्र के द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एम०ए० राजनीति शास्त्र के चतुर्थ सेमेस्टर, एम०ए० संस्कृत के चतुर्थ सेमेस्टर, एम०एस-सी० जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर, एम०एस-सी० प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एम०ए० हिंदी के द्वितीय सेमेस्टर, एम०कॉम० के चतुर्थ सेमेस्टर, बी०एड० के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, बी०एच०एम०सी०टी० के प्रथम सेमेस्टर, एम०एड० के प्रथम सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल जेनेटिक प्लांट ब्रीडिंग) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स) के तृतीय सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल जूलोजी एंटोमोलोजी) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल एग्रोनोमी) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल हार्टीकल्चर) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल प्लांट पैथोलोजी) के प्रथम सेमेस्टर, एम०एस-सी० कृषि (एग्रीकल्चरल सोईल साइंस) के प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित किया जा रहा है।

उक्त परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

Rashtriya Sahara Page - 05

स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि एवं संबद्ध महाविद्यालयों के अन्तर्गत विवि ने स्नातकोत्तर के कई विषयों के सेमेस्टर परीक्षाओं तथा बीएड एवं एमएड के परीक्षा परिणाम गुरूवार को घोषितकर दिये हैं। जिसे सम्बन्धित विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

जो परीक्षा परिणाम घोषित किये गये हैं उनमें एमए समाजशास्त्र के द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए राजनीति शास्त्र के चतुर्थ सेमेस्टर,एमए संस्कृत के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएस-सी जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएस-सी प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिंदी के द्वितीय सेमेस्टर, एम कॉम के चतुर्थ सेमेस्टर, बीएड के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, बीएचएमसीटी के प्रथम सेमेस्टर, एमएड के प्रथम सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। इसके अलावा एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल जेनेटिक प्लांट ब्रीडिंग) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स) के तृतीय सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल जुलोजी एंटोमोलोजी) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीक ल्चरल एग्रोनोमी) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल हार्टीकल्चर) के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल प्लांट पैथोलोजी) के प्रथम सेमेस्टर, एमएस-सी कृषि (एग्रीकल्चरल सोईल साइंस) के प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित किया जा रहा है।

■ बीएड के प्रथम व तृतीय तथा एमएड के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम भी घोषित

Gorakhpur Super Fast Times

सप्तदिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का हुआ समापन

भारत को आत्मनिर्भर बनाने में कृषि वैज्ञानिक एवं छात्रों की उत्कृष्ट संभावनाएं -प्रो०पूनम टंडन



गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि संस्थान में सप्तदिवसीय चल रहे वैल्यू एडेड कोर्स का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो०पूनम टंडन ने कहा कि भारत देश कृषि पर निर्भर है और आत्मनिर्भर बनाने में कृषि वैज्ञानिक एवं छात्रों में अपार प्रतिभा एवं संभावनाएं है, जिससे वो भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। कुलपति ने संस्थान के निदेशक सहित सभी शिक्षकों को पहली बार में ही अत्यंत सफल आयोजन हेतु बधाई दी। मुख्य अतिथि रहे प्रो० बैद्यनाथ सिंह, अध्यक्ष, सेंटर फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कहा कि भारत उचित नीति और मूल्य समर्थन से पूरे दुनिया का पेट भर सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ० अमिताव रक्षित, प्राध्यापक मृदा एवं कृषि रसायन शास्त्र, कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी रहे। डॉ०रक्षित ने अपने संबोधन में कहा की कृषि क्षेत्र एक असाधारण परिवर्तन का अनुभव कर रहा है, जो वैश्विक परिवर्तनों, कृषि के उभरते परिदृश्य से प्रेरित है, इस संवेदीकरण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों एवं अध्यापको को खुद को परिचित करने और सहजता के साथ खिलने के लिए अपने अंतर्दृष्टि से लैस किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ० शरद कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० नुपुर सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ०पांडुरंग ने किया।